तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजूराम बनाम लो.सू.अधिकारी (तहसीलदार कुड़ी भगतावनी) सू.अ.अ.अपील सं0 40/2023 ( )	
05.02.24	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 564, मंगलनगर, गुड़ा विश्नोईयान पं. स. लूणी जिला जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 21.09...2023. में उसके द्वारा (1) वर्तमान में कार्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों की सूची मय नाम पदनाम एवं पदस्थापन तिथि , से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार कुड़ी भगतासनी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार कुड़ी भगतासनी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार कुड़ी भगतासनी) से जरिये पत्रांक 967 दिनांक 22.12.2023 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी राजूराम द्वारा सूचना का अधिकार अधि. के अन्तर्गत आवेदन पत्र पोर्टल ऑर्डर सं0 ...एफ 828112 में चाही गई सूचना दिनांक 27.10.2023 को जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थी को उक्त सूचना प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रेषित की जा चुकी है, परन्तु अपील दायर होने के पश्चात् दी गई जो खेदजनक है अतः लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार कुड़ी भगतासनी) को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नियत समय पर करें। उपरोक्तानुसार अपील का निस्तारण किया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:45:52 IST
Reason: SelfAttested